Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct a flyover on NH-82 in Gaya.

श्री विजय कुमार (गया): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गया, बिहार में एनएच-82 के निर्माण का काम 2016 में गायत्री प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दिया गया था और इसे वर्ष 2019 में पूरा करना था । आज तक इस रोड का निर्माण ठीक से नहीं हुआ है । इसके साथ-साथ एक फ्लाईओवर का भी निर्माण होना था । वहां रेल फाटक दो-ढ़ाई घंटे तक बंद रहता है । यह उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाली एक लाइफ लाइन रोड है । वहां यात्री पिंड दान के लिए आते रहते हैं । यहां जल्द से जल्द फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए और रोड की गुणवत्ता की जांच कराई जाए । मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से मांग करता हूं कि इसकी जांच कराई जाए और जल्द से जल्द फ्लाई ओवर का निर्माण कराया जाए । जय हिंद, जय भारत ।